# हरियाणा विधान सभा

# की

# कार्यवाही

## 6 जुलाई, 1977

## (द्वितीय बैठक)

### खंड 1, अंक 4

### अधिकृत विवरण

## विशय सूची

### बुधवार, 6 जुलाई, 1977

पृश्ठ संख्या


| | |
|---|---|
| अध्यक्ष द्वारा घोशणा– | |

| | |
|---|---|
| याचिका–समिति | (4)1 |
| नियम 15 के अधीन प्रस्ताव | (4)1 |
| नियम 16 के अधी प्रस्ताव | (4)2 |
| राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ) | (4)2 |
| व्यक्तिगत स्पश्टीकरण–राव बीरेंद्र सिंह द्वारा | (4)29 |
| राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ) | (4)30 |
| दि बीरेंद्र नारायण चकवर्ती यूनिवर्सिटी, कुरूक्षेत्र (अमैंडमैंट बिल), 1977 | (4)41 |
| दि रोहतक यूनिवर्सिटी (सैकिण्ड अमैंडमैंट) बिल, 1977 | (4)44 |
| दि हरियाणा कैनाल एंड ड्रेनेज (अमैंडमैंट) बिल, 1977 | (4)46 |
| दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैम्बली (अलाउंसिज एंड पैं ान आफ मैम्बर्ज) सैकिंड अमैंडमैंट बिल, 1972 | (4)47 |
| दि हरियाण अर्बन (कंट्रोल आफ रैण्ट एंड एविक ान) अमैंडमैंट बिल, 1977 (पुरः स्थापित नही किया गया) | (4)49 |

# हरियाणा विधान सभा

## बुधवार, 6 जुलाई, 1977

## (द्वितीय बैठक)

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 14:00 बजे हुई। अध्यक्ष (कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

## अध्यक्ष द्वारा घोशणा

## याचिका–समिति

**Mr. Speaker:** Under Rule 286(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, I nominate the following Members to serve on the Committee on Petitions-

1. Shri Vijai Pal Singh, (Deputy Speaker), Ex-Officio Chairman.

2. Chaudhri Rizaq Ram

3. Shri Baldev Tayal.

4. Shri Jagjit Singh Pohlu.

5. Chaudhri Hari Chand Hooda.

## नियम 15 के अधीन प्रस्ताव

**Irrigation and Power Minister** (Srhi Verendar Singh) : Sir, I beg to move-

That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provision of the Rule 'Sitting of the Assembly' indefinitely.

**Mr. Speaker:** Motion moved-

That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provision of the Rule 'Sitting of the Assembly' indefinitely.

**Mr. Speaker:** Question is-

That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provision of the Rule 'Sitting of the Assembly' indefinitely.

The motion was carried.

## नियम 16 के अधीन प्रस्ताव

**Irrigation and Power Minister** (Shri Verendar Singh) : Sir, I beg to move-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned Sine-die.

**Mr. Speaker:** Motion moved-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned Sine-die.

**Mr. Speaker:** Question is-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned Sine-die.

The motion was carried.

## राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ)

**Mr. Speaker:** The House will now resume discussion on the Governor's Address.

Shri Shamsher Singh may please resume his speech.

**श्री भाम ोर सिंह**(नरवाना): अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि कांग्रेस पार्टी जो है उसके पास एक बहुत अच्छा कार्यकम है, उसी कार्यकम को लेकर पिछले तीन सालों में बड़ी भारी तरक्की हुई है। इस दे ा का नाम सारी दुनियां में बहुत ऊंचा हुआ है और आज सरकारी बैंचों पर बैठने वाले मैंबरों की तरफ से कांग्रेस पार्टी के जो अचीवमैंटस है, उनको डाऊन ग्रेड करने का प्रयत्न किया गया है। मैं इस वक्त कांग्रेस पार्टी के जो काम है उनकी तफसील में नहीं जाना चाहता, मैं तो यहां इतना ही कहना चाहूंगा कि भ्रश्टाचार के नाम पर कांग्रेस पार्टी के भूतपूर्व मुख्य मंत्रियों और सरकारों का खंडन किया गया है और जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी की अचीवमैंटस को डाऊन ग्रेड किया गया है, वह ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार चमगीदड़ को सूरज की रो ानी मैं कुछ दिखाई नहीं देता हैं। भ्रश्टाचार का सवाल

लेकर सरकार ने, मुख्य मंत्री साहब ने, जो पालिसी स्टेटमैंट दिया, कांग्रेस विधायक दल जो है वह उसका स्वागत करता है, जैसी कि मैंने पहले कहा है कि कांग्रेस भ्रश्टाचार के उन्मूलन करने में पूरी तरह से सहयोग देगी। (मुख्य संसदीय सचिव, श्री जगन्नाथ जी की ओर से विघ्न)। स्पीकर साहब, मैं चौधरी जगन्नाथ जी को यह बताना चाहता हूं कि आपके बहुत से साथी जो उस तरफ बैठे है उनमें अधिकतर कांग्रेस पार्टी में ही रहे है और आपकी भारत सरकार के भी कुछ वरिश्ठ मंत्री चुनाव से दो तीन महीने पहले कांग्रेस मंत्रिमंडल के सदस्य है, लेकिन सवाल यह है कि जिस तरीके से आज जनता सरकार भ्रश्टाचार को दूर करना चाहती है, क्या इस तरीके के कभी भ्रश्टाचार दूर हो सकता है? मेरी इस बारे में मुखतजिफ राय है। मैं समझता हूं कि भ्रश्टाचार जो हे वह आज के पूंजीवाद समाज में खत्म नहीं हो सकता। भ्रश्टाचार उसका एक हिस्सा है। पूंजीवाद के होते हुए दुनिया में कोई भी सरकार उसको खत्म तो क्या कर सकी, कुछ कम भी नहीं कर सकी। इस प्रकार मैं कांग्रस पार्टी के आलोचकों से यह सवाल करना चाहता हूं कि क्या अमरीका और इंग्लैंड में भी कांग्रेस पार्टी का राज है? वहां पर भी तो भ्रश्टाचार का वातावरण है। वहां पर उस पार्टी का राज है जिनकी नीतियों की तरफ वहां की जनता देखती है और जिसे जनता पार्टी इंस्पायरे ान लेती है। स्पीकर साहब, सवाल तो यह है कि सरकार भ्रश्टाचार को खत्म करना चाहती है, तो वह अपना कोई ठोस कार्यक्रम बताए कि किस प्रकार पूंजीवादी समाज को तोड़कर नए समाज का गठन किया जाएग।

यह बात स्पीकर साहब उन्होंने जानबूझ कर नहीं कही है, क्योंकि जनता पार्टी के जो कंस्टीच्युएंटस है, जो इस दे ा में सबसे बड़े समर्थक रहे हैं, जनसंघ, बी.एल.डी. वगैरह कई दूसरी पार्टियां है, उन्होंने इस समाज को बढ़ौतरी देने में समर्थन कदया है। स्पीकर साहब, अभी–अभी स्वामी अग्निवे ा जी ने अपने भाशण में बिरला की 12 सौ करोड़ रूपए की मुजी की बात कही है, स्वामी जी बहुत ही सुलझे हुए व्यक्ति है। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा यह सवाल उठाना चाहता हूं कि बिरला और दूसरे श्री धन्ना सेठ वगैरह जो दे ा में है, उनकी पूंजी जो कि आजादी के 27–28 साल के बाद बढ़ी है, सरमाया बढ़ा है, क्या उसके लिए कोई एक सरकार जिम्मेवार है? हरगिज नहीं। कांग्रेस पार्टी उसकी हरगिज जिम्मवार नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने हर समय भरसक प्रयत्न किया है कि जो पूंजीवादी सिस्टम है, उस पर पाबंदी लगायी जाए, टैक्से ान के द्वारा और दूसरे तरीकों के द्वारा, दूसरी नीतियों के द्वारा। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि अगर पूंजीवादियों की मदद की है। स्वामी जी ने बिरला की पूंजी की बढ़ौतरी के बारे में जो बात कही है, मैं उनको यह कहना चाहता हूं कि इसके लिए हमारा सिस्टम जिम्मेवार है और जनता पार्टी के जो नए जवान भाई यहां पर चुन कर आए हैं, उनसे मैं यह बात कहूंगा कि अर्थ भाास्त्र जो है, उसको अच्दी तरह से अध्ययन कर लें फिर अपनी पार्टी की नीतियों को समझने की कोि ा ा करें कि क्या जो उनके नेता हैं, जो करर्णधार है, वे वाकई इस दे ा में समाजवाद को लाना

चाहते है? दरअसल जो जनता पार्टी है, वही पूंजीवादियों की इस दे ा में सार्थक समर्थक रही है, रक्षक पार्टी है जैसा कि पिछले पार्लियामैंट के बजट से जाहिर है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस वक्त हाउस के जो लीडर है वह मौजूद नहीं है। मैं चाहता हूं कि उनके कानों तक मेरी ये बातें अव य पहुंचे। इस चुनाव में जनता पार्टी के बैंचों पर बैठे हुए कई सदस्य जो हैं उन्होंने अपने चुनाव में जनता पार्टी के बैंचो पर बैठे हुए कई सदस्य जो है उन्होंने अपने चुनाव अभियान के दौरान बहुत पैसा खर्च किया है। यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है कि गरीब आदमियों के वोट 50—50 और सौ—सौ रूपए में खरीदे गए और हजारों रूपए की भाराब रि वत में वोटरों को दी गई। क्या लीडर आफ दि हाउस इस बात की इन्कवायरी करवाएंगे? हमारे अपने प्रान्त में इनकी पार्टी के ..... विधायकों ने अपने चुनाव अभियान के दौरान तीन चार लाख रूपए देकर 5—7 हजार वोट खरीदे। मैं इस बात को चैलेंज करता हूं कि अगर यह बात गलत साबित हो जाए तो मैं सजा भुगतने के निए तैयार हू। क्या चीफ मिनिस्टर महोदय इस बात की इन्कवायरी करवाएंगे या कोई कमी ान बनाएंगे। यह बात सच है कि जनता पार्टी के कुछ सदस्यों ने वोट खरीदें है और 5—7 लाख रूपया खर्च किया है और तब वे इस सदन के मैंबर बन कर आए है। इसलिए जहां तक मैं समझता हूं जनता पार्टी के मुंह से भ्रश्टाचार को खत्म

करने वाली बड़ी बात छोटे मुंह से कहने वाली बात है।..... (विघ्न)

**एक आवाजः** बंसी लाल और संजय को निकाल दिया क्या यह कम है।

**श्री भाम ोर सिंहः** यहां पर सवाल बंसी लाल और संजय का नहीं है। यह बात आप को भी पता है और जनता पार्टी के नेताओं को भी पता है कि जनता पार्टी के सदस्यों ने वोट खरीदें है।

**श्री बलदेव तायलः** क्या आप उनका नाम लेंगे? मैं समझता हूं कि ये बेसलैस एलीगे ान्ज है सभी सदस्यों के खिलाफ, यह भाोभा नहीं देता।

**उपाध्यक्षः** आप इन लफ्जों को विद्ड्रा कर लीजिए।

**श्री भाम ोर सिंहः** मैंने जो कहा है वह गलत नहीं कहा है। मैं एक बार फिर कह देता हूं कि जनता पार्टी के कुछ सदस्यों ने चुनाव के दौरान वोटरों को रूपया दिया और भाराब के लिए पैसे दिए। यह बात हाउस के रूलज के खिलाफ नहीं है और इसमें किसी का नाम लेने की बात नहीं है।

**Shri Lachhman Singh:** It is a vague allegation and it cannot be levelled. The hon. Member must be definite.

**Shri Shamsher Singh:** This is a most positive allegation. It is not a vague allegation. मैं कहता हूं कि कुछ

मैंबरों ने ऐसा किया है और अगर चीफ मिनिस्टर साहब चाहें तो मैं नाम बता सकता हूं। अगर गलत हो तो मैं सजा भुगतने के लिये तैयार हूं। यह एलीगे ान बिल्कुल सही है।

उपाध्यक्ष महोदय, अग मैं राज्यपाल महोदय के अभिभाशण के बारे में यह बात और कहना चाहूंगा कि जनता पार्टी की सरकार जिसको कि तीन महीने से ज्यादा समय सता संभाले को हो चुका है किसानों को उनकी जिन्स के भाव ठीक दिलाने में नाकामयाब रही हैं। इन्होंने चुनाव मैनिफैस्टो में किसानों से इस बात का वायदा किया था कि अगर जनता सरकार पावर में आएगी तो वह किसानों को उनकी जिन्स का अच्छा भाव दिलाएगी। गंदम के भाव के बारे मैं जनता पार्टी ने 150/– रूपए क्विंटल का वायदा किया था और खेतीबाड़ी के लिये इस्तेमाल होने वाली चीजों के भाव भी सस्ते करने का वायदा किया था। मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्शित करना चाहता हूं कि जनता पार्टी अपने इन वायदों में मुक्कमल तौर पर नाकामयाब रही है। इसलिये जनता पार्टी यह नहीं कह सकती कि और टाईम चाहिये। पिछलें साल गंदम का भाव110/– की बजाए इस साल किसी किसान को 106 या 108 से ज्यादा नहीं मिला। मैं आपको यह भी कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आम उपभोक्ता की जो चीजें थीं जैसे चाय है, साबुन है, सब्जी और दालें है, इन सब के भाव सारे दे ा में बहुत ज्यादा ऊंचे हो गए है और जनता में इन

बातों को लेकर बहुत बेचैनी हैं। मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि मेरा अपना जो नरवाने का इलाका है, कलायत और उचाने का इलाका है वहां आज से नहीं भाुरू से नहरी पानी की कमी रही है। इस सारे इलाके की भूमि हमवार हैं, वहां का किसान बहुत मेहनती है लेकिन नहरी पानी की वजह से हजारों एकड़ भूमि सूखी पड़ी हुई है। हम जनता सरकार से उम्मीद करते है कि जैसा कि इन्होंने घोशणा की है कि किसान के खेतों को ज्यादा पानी दिलाएंगे, बहुत जल्द ये इस बात का प्रबंध करेंगे। मेरे से पहले बोलने वाले साथियों ने बाढ़ का जिक्र किया। मैं एक मिनट में यह बात कहना चाहता हूं कि कलायत और नरवाना के इलाके में पिछली साल बहुत बुरी तरह से बाढ़ आई और 25–30 गांव पानी में डूब गए, मवे ाी बाहर ले जाने पड़े और फसलें का त नहीं हो सकीं। दुबारा बारि ा भाुरू होने वाली है लेकिन आज तक उस इलाके से बाढ़ का पानी निकालने का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। मैं सरकार से दर्खास्त करूंगा कि एमरजैंसी लैवल पर अगर आज भी कोई उपाय किए जाएं तो उस इलाके का बचाव हो सकता है। मैं जनता पार्टी के साथियों से यह बात कहना चाहूंगा कि लोगों ने उन्हें बड़ा भारी समर्थन देकर यहां भेजा है लेकिन इसमें उन्हें ज्यादा इतराने की बात नहीं है। आज से तीन महीने पहले लोक सभा के चुनाव हुए और जनता पार्टी को करीब 71–71 प्रति ात वोट मिले और तीन महीनों के बाद जो विधान सभा के चुनाव हुए उनमें जनता पार्टी को केवल 43 प्रति ात वोट मिलें है। तीन महीने के अन्दर 30 प्रति ात से ज्यादा वोट कम होने

का यह रिकार्ड है। यह जनता पार्टी का रिकार्ड है, दूसरी किसी पार्टी का रिकार्ड इतना खराब नहीं हो सकता (विघ्न)

**एक आवाजः** कांग्रेस पार्टी को कितने परसैंट वोट मिलें।

**श्री भाम ोर सिंहः** कांग्रेस को बहुत थोड़ी सीटें मिलीं लेकिन आज भी मैं यह समझता हूं कि हिन्दुस्तान का और हरियाणा का जो हरिजन और बैकवर्ड गरीब आदमी है, वह कांग्रेस के साथ है और उसने वोट कांग्रेस को दिया हैं। कांग्रेस ने 20—25 प्रति ात के बीच वोट प्राप्त किए है। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आने मुझे बोलने का समय दिया।

**श्री लछमन सिंह**(कालका): डिप्टी स्पीकर साहब, दे ा के अन्दर 26 जून 1975 को जब एमरजैंसी लगी तो इन कांग्रेस के भाइयों ने स्टैबिलिटी के नाम पर हिन्दुस्तान की 60 करोड़ जनता को एक कलम के नोट से खत्म कर दिया और इस दे ा की आजादी की घडियां निहायत तेजी के साथ चल रही थीं लेकिन जनता ने एक झटके के साथ अपनी कलम की एक नोक के साथ तीस साल से चल रही इस जाबराना हकूमत को खत्म कर दिया और हिन्दुस्तान में जमहूरियत को फिर से बहाल कर दिया जिसका कि गला घूंटा जा रहा था। एक भाई ने गरीबों और हरिजनों की तरक्की की बात कही। मैं सिर्फ एक बात बताना चाहता हूं।

गरीब हरिजनों के नाम पर इस कांग्रेस ने तीस साल तक इस दे ा में राज किया और लगातार उनको बहका कर और उनको झूठे वायदे देकर बरगलाकर उनसे वोट लिए है। 1952 में जब पहला इलैक ान आया था तो हरिजनों से एक एक मरब्बर जमीन का जिस में 100 बीघे होते है, देने का वायदा किया। उसके बाद जब दूसरे इलैक ांज आए तो ये मरब्बा से चलकर एक किल्ले पर आ गये। तीसरे इलैक ांज के वक्त एक किल्ला से अवैक्वी प्रोपर्टी अलाट करने पर पहुंचे। जब चौथे इलैक ांज आये तो कहने लगे कि सारी सरपलस जमीन उनको दे दी जायेगी अब जब पांचवें इलैक ांज आये तो 100 बीघें से चलते चलते 100 गज पर आ गये। लेकिन जब इलैजक ाज का वक्त आया तो हरिजनों को जमीन के बदले आप्रे ांज दे दिये और जब्रदस्ती पकड़ पकड़ कर उनकों काट कर रख दिया। जहां तक कुरप् ान का ताल्लुक है, हरियाणा में कुरप् ान का च मा कालका से भ्रुरू होता है। मैं हाउस के सामने फैक्चुअल बात बताना चाहता हूं जिसकी तरफ न हरियाणा की पिछली सरकार ने और न ही ब्योरोक्रेसी ने ध्यान दिया। हरियाणा में सूरजपुर में भूपिंदर सीमेंट फैक्टरी है। उसका जो लीज पीरियड था वह 1968 में खत्म हो गया और जब मैं वजीर था तो मेरे पास कम्पनी वाले आये थे। मैंने उन से कहा था कि सरकार इसे अपने कब्जा में लेकर खुद इसे चलायेगी लेकिन बंसीलाल सरकार ने उस वक्त के कालका के एम0एल0ए0 से बीस लाख रूपया लेकर बीस साल के लिये यह लीज बढ़ा दिया। सूरजपुर में चंडीगढ़ 15 किलोमीटर है लेकिन उस साबिक

एम0एल0ए0 की कम्पनी, सीमेंट के एक ट्रक का किराया 225 रूपये चार्ज करती है। यही नहीं वहां से जो जगह 10 किलोमीटर के फासला पर है, उसका कम्पनी के मालिक, सेठ जी जो पहले एम0एल0ए0 थं, 192 रूपये फी ट्रक चार्ज करते है और कालका का किराया आप अंदाजा लगायें 174 रूपये चार्ज किया जाता हैं। गवर्नर ऐड्रैस में लोगों को सस्ती चीजें देने की बात कही गई है। सीमेंट भी एक बहुत जरूरी चीज है और यह लोगो को सस्ता मिलना चाहिए। अगर सरकार सेठ जी की कम्पनी को दिये लीज को खत्म कर दे और कम्पनी से कह दे कि ट्रक यूनियन जो बनेगी, उसके रेट जो है वही चार्ज किये जा सकते है तो कम से कम आठ आने फी थैला सीमेंट की कीमत कम हो सकती है। मैं मुख्य मंत्री जी से दरखास्त करता हूं कि इस सारी लीज वाली बात में इन्कवायरी करवाई जाये। इस में करोड़ों रूपये का घपला है। उस सेठ साहब ने करोड़ों रूपये मिल मिला कर कमाये है और ब्लैक में कमाये है और आज भी उसे कम से कम 25 हजार रोज की आमदनी है। मैं भाम ेर सिंह जी को बताना चाहता हूं कि अब 48 घंटे के अन्दर–अन्दर यह घपलेबाजी और कुरप ान खत्म होने वाली है और यह जनता सरकार इसे खत्म करके छोड़ेगी जिसको आप कांग्रेसी भाइयों ने फैलाया हुआ है। परसों चौथ तक जब ट्रक यूनियन बन जायेगी तो चंडीगढ़ का किराया 225 रूपये की बजाये 125 रूपये हो जायेगा और इस तरह से 100 रूपए फी ट्रक किराये में कमी होगी। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सीमेंट कम्पनी इस पैसे को खना चाहेगी लेकिन यह जो सौ रूपये

की बचत होगी इसे सीमेंट कम्पनी की जेब में नहीं जाने देना चाहिये। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह रूपया या तो सरकारी खजाना में जाना चाहिये या फिर जनता को, कन्जयूमर को इस का फायदा हो और सीमेंट का रेट घटाया जाना चाहिये। मैं उम्मीद करता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब इस बात पर गौर करेंगे। बंसी लाल सरकार के रात में दूसरी कुरप् ान जो हुई है वह घग्गर नदी की क्वैरीज के लीज के बारे में है जो कि बहुत बड़ा स्कैंडल है। एक सिंगला एंड राठी कम्पनी थी। ऐमरजैंसी के दौरान उस कम्पनी को उन क्वैरीज का एक साल के लिये लीज 2 लाख 7 हजार में दे दिया। आप अंदाजा लगायें अभी परसों उनकी आक ान हुई है और वह क्वैरीज अब 21 लाख में गई है जिस में से 10 लाख रूपया एडवांस मिला है। मैं भाम ोर सिंह जी से पूछना चाहता हूं कि इतनी बड़ी कुरप् ान का और इतनी भारी लूट का क्या आप कांग्रेस वालो को पता नहीं? आज भी 11 सैक्टर में कोठी नम्बर 681 में सिंगला साहब रहते है और वहां श्री बंसी लाल के दामाद और लड़की रहते थे जिसका हजार रूपया महीना किराया वह देता था। इस कांग्रेस के राज में कुरप् ान का बोलबाला रहा है और उन्होंने इस दे ा को खूब लूटा है और अपने घर भर लिये है। तरक्की के नाम पर कि हरिजन की भलाई करेंगे, दुकानदार और किसान की भलाई करेंगे। इन कांग्रेस वालों ने अपने घर भर लिये है और अपने चेहतों की तरक्की कर दी है। आप देखें कि गरीबों का दम भरने वाले इन लोगों ने किस तरह से गरीब लोगों को बसों से जब्रदस्ती उतार–उतार कर

हस्पतालों में ले जा कर काट दिया जिस की वजह से सैंकड़ों लोग वहां मारे जा चुके है। हमें पता है कि किसी तरह से इन लोगों ने ऐमरजैंसी की आड़ में लोगों को परे ाान किया और उनको नाकों चने चबवाये। मैं अपनी ही कहानी सुनाता हूं कि किस तरह से मुझे 8 जुलाई 1975 को गिरफ्तार करके ले जाया गया और मेरे साथ क्या सलूक किया गया। मैं बताना नहीं चाहता था अपनी बात लेकिन बहुत ज्यादा तारीफ कांग्रेस की यहां पर की गई है जिसे सुन कर मुझे यह बात कहनी पड़ी। जनता सरकार जिसका जन्म अभी तीन महीने पहले हुआ है उसके खिलाफ बेहूदा ऐलीगे ांज लगाये गये है और बेबुनियाद बातें की गई है। मैं हैरान हूं कि पिछले तीस साल का तो यह हिसाब किताब देने को तैयार नहीं लेकिन जनता सरकार से 90 दिन का हिसाब मांगते है अगर आप जनता सरकार का 90 दिन का हिसाब लेना चाहते हो तो ले लो और कलम उठा कर लिख लो। मैं आपको हिसाब बताता हूं कि जनता सरकार ने 90 दिन में क्या कुछ किया है। जनता पार्टी ने लोगों को वायदा किया था कि ज्यों ही उसकी सरकार सैंटर में बनेगी तो जो इनसानी हकूक, लिब्रटीज और फीडम्ज पिछली जालिम सरकार ने लोगों की छीन ली थी, वह रिस्टोर कर दी जायेगी। उस वायदा को जनता सरकार ने पूरा कर दिया है। मैं इन कांग्रेसी भाइयों को बताना चाहता हूं कि श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री जो उनकी बनाई हुई थी, वह कहा करती थी कि अपोजी ान पार्टीज का रेडियों पर आ कर बात करना नामुमकिन है। लेकिन अब भाम ोर सिंह जी

आपको इस जनता सरकार ने पूरी इजाजत दे दी है कि आप रेडियो पर आकर, ब्राडकास्ट कर सकते है, अपनी पार्टी का मैनिफैस्टों लोगो ंको बता सकते है, जनता सरकार की कोई कमियां अगर आप बताना चाहे तो बता सकते है कोई आपको रोक टोक नहीं, यह क्या कम बात है? आप लोगों ने तो लोगों का सांस लेना तक बंद कर दिया था। कोई बात तक नहीं कर सकता था। तीसरी बात जो जनता सरकार ने की है वह भी नोट कर लो। जब इलैक ंज चल रहे थे तो जनता पार्टी ने वायदा किया था कि जो कमचारी स्ट्राइक्स, हड़तालों के दौरान डिसमिस किये गये है उनको बहाल कर दिया जायेगा। जनता सरकार ने सैंटर में आते ही जितने रेल कर्मचारी और दूसरे कर्मचारी इन हालात में डिसमिस हुए थे, उन हजारों मुलाजमों को बहाल कर दिया है। मैं हरियाणा सरकार से और अपने मुख्य मंत्री जी से अर्ज करता हूं और मांग करता हूं कि उस जालिम सरकार ने जो हजारों टीचर्ज बिजली कर्मचारी और दूसरे कर्मचारी हड़ताल के दौरान डिसमिस किए थे, उनको भी जिस तरह से सैंटर की सरकार ने रेल और पी0एंड0टी0 के कर्मचारियों को बहाल कर दिया है, उसी तरह से यहां भी कर दिये जायें। जहां तक डिवैल्पमैंट की बात है, मैं कुछ हद तक अपने मुखालिफ धड़े के साथ इस बात से सहमत हूं कि डिवैल्पमैंट इस तरह से नहीं हो सकती। मैं चीफ मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि आपने देखा है कि एमरजैंसी के दौरान ब्योरोक्रेसी ने हम लोगो पर किस तरह से तलवारें और कुल्हाड़े चलाये है। एक भी जवान मर्द

आई0ए0एस0 अफसर ऐसा नहीं निकला जिसकी जमीर ने उसे लताड़ा हो और अपनी जमीर की आवाज पर इस्तीफा दिया हो कि जो कुछ उनसे करवाया जा रहा है वहा नाहक है। अगर एक ने भी इस्तीफा दे दिया होता तो आज हम उसे हिन्दुस्तान का बाद ााह बना कर छोडते। आप जानते हैं कि अंग्रेज के राज में मोरार जी भाई ने अपनी जमीर की आवाज पर इस्तीफा दे दिया था और भी कई बड़े–बड़े नेताओं ने नौकरियां छोड़ दी थीं। आज मोरार जी देसाई दे ा के प्रधान मंत्री है। लेकिन हमारी ब्योरोक्रेसी रोजाना हमारे और हमारे बच्चों के खिलाफ दस्तखत करती थी कि हम दे ाद्रोही है, पापी है। एक भी अफसर ऐसा नहीं निकला जिस ने इस जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई हो, इस्तीफा दिया हो और कहा हो कि हमारे साथ जुल्म हो रहा है और हम दे ाद्रोही नहीं है। तो चौधरी साहब मैं आप से अर्ज करता हूं कि आप इस ब्योरोक्रेसी पर यकीन न करें कि उस तरह से डिवैल्पमैंट हो सकती है। मैं बताता हूं कि डिवैल्पमैंट किस तरह से इसी पैसे के साथ दौलत के साथ हो सकती है और इतनी हो सकती है जितनी किसी बाहर के डिवैल्पउ दे ा ने की है। आप किसी भी दे ा में चले जाओ, मैंने दुनिया के बहुत दे ा देखें है, उनका कांस्टीटयू ान और लोगों का रहन सहन और सारा ढ़ांचा स्टडी किया है। वे लोग हम से कम ताकतवर है और कम दिमाग रखते है लेकिन उनके अन्दर एक बात है कि जहां हमारा सौ आदमी काम नहीं कर सकता वहां उनका एक आदमी काम करता है। मैं स्विस ऐम्बैसी में गया। मैंने वीसा पर

दस्तखत करवाने थे। मैं वहां गया पैसे दिये और मोहर लगवायी और पांच मिनट में सारा काम करवा कर आ गया लेकिन हमारे यहां तीस साल में इस कांग्रेस सरकार ने सारे सिस्टम को इतना गंदा कर दिया है कि चौधरी साहब आप को इस को झाड़ू लेकर साफ करना होगा और जब तक आप झाड़ू नहीं फेरोगे डिवैल्पमैंट नहीं हो सकती। यह ब्योरोक्रेसी कदम–कदम पर रूकावटें डालेगी, तरह तरह के आपको कानून बतायेगी। मैं कहता हूं कि मिटा दो इन सब कानूनों को और एक सीधा रास्ता ले लो कि एक पंचायत हर गांव में बना दो, वहीं पर बैंक बने और वहीं पर अफसर हो। जब जमींदार आता है कि उसे पांच सौ रूपया बीज के लिये खाद के लिये चाहिये तो फटाफट सारी तसदीक पांच मिनट में हो कर उसे पैसे मिल जायें, फिर देखों कैसे तरक्की फटाफट होती है। लेकिन अगर पटवारी ने लिखना है फिर वही कानूनगो ने लिखना है और वही कुछ तहसीलदार और डी0सी0 ने लिखना है तो 6 महीने तक कुछ नहीं होगा, लोग मारे–मारे फिरेंगे। मैंने इजरायल के कांस्टीटयू ान को पढ़ा है, वहां के सारे ढ़ांचे को स्टडी किया है। वहां ऐसा है कि हर गांव के अन्दर ही हर चीज लोगों को मिल जाती है। ऐसा ही ढ़ांचा यहां पर बनाया जाये कि उसी गांव में हर चीज जमींदार को मिले। अगर ऐसा हो जाये तो जनता सरकार ने जिस बात की म्याद एक साल रखी है मैं दावे के साथ कह सकता हूं चौधरी साहब कि आपका नि ाना 6 महीने में पूरा हो जायेगा। लेकिन अगर इस ब्योरोक्रेसी के आसरे ही बैठे रहे कि वह तरक्की कर देगी जिस ने

कि हम पर तलवारें चलाई है तो यह बात भूल जाओं वह कुछ नहीं करेगी आप यकीन मानें। वे आपकी टांग खीचने की कोि ा ा करेंगे कि कांग्रेस वाले फिर आएं और कुरप ान को बढ़ावा मिले। मैं अर्ज करना चाहता हूं हो सकता है मेरे ये लफ्ज आपको कड़वे लगें लेकिन बाद में मीठे लगेंगे। अगर आप वन–वे–सिस्टम बनाएंगे तो दे ा की सही तरक्की ही जाएगी। आज कुरप ान का बहुत भाोर है, जगह–जगह भाोर मचा हुआ है। अगर एक जमींदार किसी तहसील में एक लाख की रजिस्ट्री करवाने के लिए जाता है तो तहसीलदार को लालच आ जाता है और भाक करता है कि एक लाख रूपया जमींदार के पास कहां से आया। तहसीलदार यह नहीं समझता कि उस जमींदार की यह एकमात्र पूंजी है। उस एक लाख की पूंजी में तहसीलदार 500 या 1000 रूपए कुरप ान के तौर पर लेना चाहता हैं, तब रजिस्ट्री करता है। कुरप ान बंद करने क मतलब यह नहीं है कि उसका काम ही न हो। कुरप ान बंद करनी है तो जमींदार का काम सबसे पहले होना चाहिए, दे ा से कुरप ान तब दूर हो सकती है। अगर आप आज सब के सब ओथ लें अपना प्रण लेकिर निकलें कि अगर हमारा कोई रि तेदार हो चाहे वह हमारी पार्टी का कोई आदमी हो, अगर वह कुरप ान करता है तो सबसे पहले उसकों पकड़ेंगे। अगर हम यह फैसला कर लें तो कोई वजह नहीं कि कुरप ान खत्म न हो। चौधरी साहब ने कहा कि अमरीका को अन्दर कुरप ान है। चौधरी साहब को यह पता नहीं कि किस पैमाने की कुरप ान वहां पर है। वहां पर प्राईम मिनिस्टर पैसे

लेता है, बड़े–बड़े आदमी पैसे लेते है लेकिन इस चीज का जनता के ऊपर कोई असर नहीं है। जनता के ऊपर लो–लैवल पर होने वाली कुरप्ान का असर पड़ता है। अगर नीचे के लैवल की कुरप्ान का पैमाना बंद हो जाता है तो हिन्दुस्तान की जनता, हरियाणा की जनता आपको दुआयें देगी।

गवर्नर साहब ने अपने अभिभाशण में एक बात वैल्फेयर आफ स्टेट की कही है। बात बहुत अच्छी है, वह है पीने के पानी की कमी को दूर करना। इसमे मैं एक बात एड करना चाहता हूं । ऐड्रैस में देहातों को पानी देने की बात की है। लेकिन बहुत सारे भाहर ऐसे है जहां पीने का पानी नहीं मिलता। पानी की कमी के कारण कालका भाहर उजड़ता जा रहा है इसकी बजाये परवाणु की डिवैल्पमैंट हो रही है। कालका हरियाणा का बहुत खूबसूरत भाहर है। अगर यहां पर पानी की सप्लाई न हुई तो हम इस खूबसूरत भाहर से हाथ धो बैठेंगे। पानी की वजह से कालका बरबाद हो चुका हैं। परवाणु आबाद हो रहा है इसलिए कि वहां पर पीने का पानी मुहैया हैं। इसलिये मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि कालका को पीने के पानी में टाप प्रायरिटी दें। जहां तक सड़कों की बात है, कांग्रेस सरकार ने सड़कें पूरी कर दी है लेकिन बिजली की खासतौर पर कमी है। आप मेरे हल्के में चलें, मैं आपको बताऊंगा कि बिजली का एक खम्भा तक नहीं लगा, बिजली तो बहुत बड़ी चीज है। हमारी पहली प्राईम मिनिस्टर साहिबा ने बिजली का उद्घाटन किया था कि तमाम

हरियाणा में बिजली लग चुकी है, लेकिन असलीयत यह है कि हमारे इलाके में खम्भा तक नहीं लगा है।

एक बात और डिवैल्पमैंट के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। हमारे जो टैक्नीि ायन है, टैक्नोक्रेटस है उन को हैड आफ दी डिपार्टमैंट बनाया जाए, डिपार्टमैंट का सैक्रेटरी बनाया जाए। जो आई0ए0एस0 आफिसर सैक्रेटरी है, उनको टैक्नीकैलिटी का क्या पता है, वे क्या जानते है कि क्लैरोमाईसीन क्या होती है। इसलिए जो इरीगे ान डिपार्टमैंट के पी0 डब्ल्यू0डी0 के टैक्नोक्रेटस है उन के हाथ में दे ा की डिवैल्पमैंट का काम देंगे तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि बहुत जल्दी तरक्की होगी। गवर्नमैंट आफ इंडिया ने पास कर दिया है कि टैक्नीकल लोग ही दे ा की तरक्की कर सकते है। अगर हमने हरियाणा की तरक्की करनी है तो टैक्नीकल लोगों को आगे लाना पड़ेगा। एक ले–मैन को आफिस का पता हो सकता है, इफस एंड बटस कर सकता है। मैं इनके बारे में भी बता दूं। आपको क्या बताऊ आई0ए0एस0 वाले इनको कहेंगे कि ये कुरप्ट है और इनके खिलाफ कुरप् ान के चार्जिज हैं। लेकिन जो आई0ए0एस0 ब्यूरोक्रेसी है उनकी इतनी ताकत है कि इन के खिलाफ कुरप् ान के चार्जिज नहीं लगे। अगर आप मालूम करेंगे तो ज्यादा से ज्यादा आई0ए0एस0 आफिसर फसेंगे। इस चीज को अगर खत्म करना है, हरियाण की अगर तरक्की करनी है तो आपको यहां सख्त कुल्हाड़ा चलाना

पड़ेगा। जब तक कोई ड्रास्टिक स्टैप नहीं लेंगे, दे ा की तरक्की नहीं हो सकेगी।

एक बात और कहना चाहता हूं, वह है ह्यूमन वैल्यूज एंड डिगनिटी की बात। गवर्नर महोदय ने ऐड्रैस में कहा है, यह बहुत बड़ी बात है। कांग्रेस वाले इनस्टेबिलिटी के नाम पर ताकत के नाम पर एमरजैंसी लाए। आपको मालूम है हिटलर से बड़ी ताकत कोई नहीं थी जिसने हयूमन वैल्यूज एंड डिगनिटी को खत्म करने की कोि ा ा की। स्पेन मे भी फ्रान्कों ने 30–32 साल तक हकूमत की और इंसानियत को खत्म कर दिया गया था। चौधरी साहब, मैं आपको मुबारिकबाद देता हूं गवर्नर साहब को मुबारिकबाद देता हूं जिन्होंन हयूमन वैल्यूज एंड डिगनिटी को प्रैफ्रैंस दी है और अ योर करवा है कि है कि किसी पर तब तक केस नहीं बनेगा जब तक उसको अदालत में पे ा होने की अनुमति न दी जाए। कुरप्ान के चार्जिज जिन लोगो के खिलाफ लगाए है उनकी इन्क्वायरी करवांएगे और उम्मीद करता हूं कि जब अगला सै ान होगा, उससे पहले–पहले हमारे मुख्य मंत्री इस विशय पर जरूर बयान देंगे। इसके साथ ही मैं आपका भाुकिया अदा करता हूं जो आपने बोलने का टाईम दिया।

**चौधरी गंगा रामः** आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मेरी प्रार्थना है कि आप बोलने का टाईम फिक्स कर दें क्योंकि हम सब ने बोलना है, अपने–अपने हलके की मुसीबते बतानी है। ये तो ऐसे बोल रहे है जैसे इलैक ान में भाशण दे रहे हों

**स्वामी आदित्यवे ा** (हथीन): उपाध्यक्ष महोदय, प्रतिपक्ष के साथी चौधरी भाम ेर सिंह जी आलोचना करते चले जा रहे थे और ऐसा प्रतीत होता था कि दे ा में भ्रश्टाचार और पूंजीवाद का जो बोलबाला था उसकी जिम्मेवारी उन पर नहीं है। आप देख रहे हैं, बहुत से सदस्य चुनाव में जीत कर आए है। ये बहुत थोड़े थोड़े पैसे खर्च करके आये है, किन्तु मैं इनसे पूछना चाहता हूं, वे स्वये जिम्मेवारी के साथ बताएं कि इस इलैक ान में वे कितना रूपया खर्च करके आये है और यह लिख करके दें। मैं जिम्मेवारी के साथ कहना चाहूंगा कि हम सब जेल में बैठे थे, हम जनता से सम्पर्क भी नहीं कर पाए, हमें पता भी था कि इलैक ान की गाड़ी कैसे चल रही है। जब हम बाहर आये तो हमारी जेबों में एक पैसा भी नहीं था, जमानत के लिए भी पैसा नहीं था। जब इस प्रकार की स्थिति थी तो ये कैसे हमारी आलोचना कर सकते है? निम्न कोटि की आलोचना करने की आदत पड़ी हुई है और उसी आदत के प ाीभूत होकर हम पर इल्जाम लगााना चाहते है। प्रत्यक्ष को प्रमाण क्या, आपके सामने इलैक ान परिणाम हैं सारे हरियाणा में से केवल तीन सीटें इनको मिली है। जो कुछ आज तक पाप करते रहे उसी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। लोक सभा चुनाव में जनता पार्टी को जितना समर्थन मिला है उतना दुनिया के इतिहास में किसी पार्टी को नहीं मिला। ऐसा उदारहण दुनियां के इतिहास में देखने को नहीं मिलता। उतरप्रदे ा, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदे ा इन में कांग्रेस का सफाया कर दिया। ठीक वहीं स्थिति विधान सभा के चुनावों में रही है।

परसैंटेज के लिहाज से देखें तो कम नहीं है। जहां तक पूंजीवादी व्यवस्था का प्र न है, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि महात्मा गांधी ने 1947 में ऐलान किया था कि कांग्रेस अपने पद से भ्रश्ट हो चुकी है, इसलिए कांग्रेस को तोड़ देना चाहिए। उन्होंने ऐलान किकया था कि जितने मिनिस्टर बने है उनके वेतन और एक भंगी के वेतन में समानता होनी चाहिए और 500 से ज्यादा किसी को वेतन नहीं मिलना चाहिए, लेकिन महात्मा गांधी की किसी ने एक नहीं सुनी। यह स्वयं इस बात का प्रमाण है कि ये कितने महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते है। ये कहते है कि हरिजनों से हमदर्दी है, उनके ठेकेदार बनते है। यदि इस बात को देखना है तो हरिजनों के बीच में जाकर देखें, उन में बुराई के कितने बीज बोए हुए है। उनको भाराब पीना सिखाया गया है, भाई–भाई के बीच में नफरत का बीज बोया गया, आपसी लड़ाई झगड़े पैदा किए गए जिससे ये उनकी आपसी फूट से फायदा उठा सकें। ये सारे सिद्धांत इन्होंने हरिजनों में डाले। अगर इनको हरिजनों के सारे वोट मिलें तो भी 18–20 प्रति ात वोट बनते है, लेकिन प्रत्यक्ष को प्रमाण क्या, कितने वोट मिल पाए है, यह इलैक ान रिजल्ट आपके सामने है।

जहां तक राज्यपाल महोदय के अभिभाशण का संबंध है, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि भाशण बहुत अच्दा है, नीति की दृश्टि से ठीक है। किन्तु कुछ बातें ऐसी है जो बहुत महत्वपूर्ण है, उन बातो ं की तरफ ध्यासन नहीं दिया गया। इसलिए मैं

इनकी तरफ सदन का ध्यान आकर्शित करना चाहूंगा। उदाहरणार्थ, मनुश्य के आत्म–सम्मान की रक्षा तथा मौलिक सिद्धांतों की रक्षा की जाए। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि हर प्रान्त के अन्दर हमारी जनता सरकार ने हर एक मनुश्य के आत्म–सम्मान का ध्यान किया है। लेकिन इसके साथ–साथ इस बात का हवाला होना चाहिए था कि किस तरह 26 जून, 1975 को मानवीय सिद्धांतों की अवहेलना करके दो लाख आदमियों को जेल की सींखचों में डाल दिया गया था और न केवल जेल की सींखचों में ही डाला गया बल्कि कितना अमानवीय व्यवहार उनके साथ किया गया। जेल के अन्दर पीने के पानी में तेल मिलाकर दिया जाता था, आटे के अन्दर बालू और रेत मिलाया जाता था और जब कभी कोई बीमार हो जाता था तो उस दवाई नहीं दी जाती थी। मैं स्वयं अम्बाला जेल में था और बीमार होने के एक सप्ताह बाद मुझे दवाई दी गई थी। उस वक्त मानवता का कितना हास हो चुका था इसका यह प्रत्यक्ष प्रमाण था। लेकिन खु ाी की बात है कि इस तरह की जो किमयां उस वक्त मानव जीवन में आ गई थीं वे अब भीघ्रता से दूर हो रही है। लोगों के मन से थोड़े ही दिनों के समय में भय की भावना निकलती जा रही है। हमारे प्रान्त के मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल बड़े सही ढ़ंग से चल रहे हैं। लोग महसूस ही नहीं कते कि हम मुख्य मंत्री से मिल रहे है या गांव के बुजुर्ग से मिल रहे हैं या चौधरी से मिल रहे है। पहले यह स्थिति थी कि लोग हरियाणा भवन में नहीं ठहर सकते थे, चंडीगढ़ के होस्टल में नहीं जा सकते थे और

मुख्य मंत्री की कोठी में जाते समय भय लगता था लेकिन आज कोई भय नहीं है। लोग ऐसे मिलने जाते है जैसे चोटाला में जा रहे है। यह बहुत ही सराहनीय बात है।

उपाध्यक्ष महोदय, यह अभिभाशण है तो बहुत अच्छा लेकिन इसमें कुछेक बातों की अवहेलना की गई है जिनकी तरफ मैं सरकार का ध्यान आकर्शित करना चाहूंगा। उदाहरण के लिए इसमें महेंद्रगढ़ जिले का जिक्र किया गया है। महेंद्रगढ़ वास्तव मैं पिछड़ा हुआ जिला है लेकिन सही मायनों में हरियाणा का सबसे पिछड़ा हुआ जिला गुडगांव है। आपको पता है कि थोड़े ही दिनों में बरसात भाुरू हो जाएगी ओर उस वक्त हालत यह होगी कि गांव में घुसना मुि कल हो जाएगा। सारे के सारे या आधे गांव जलमग्न हो जाएंगे। इसलिए मैं जनता सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह इस बात की तरफ भीघ्राति ीघ्र ध्यान दें। इसके साथ सरकार को चाहिए कि वह महेंद्रगढ़, गुड़गांव और रोहतक जिले की झज्जर तहसील की मुख्य समस्या का समाधान करने की ओर भी ध्यान दे। जो सहबी नहीं है यदि इसके ऊपर एक बहुत बड़ा बांध बना दिया जाए तो मैं समझता हूं कि इससे जहां सारे इलाके की सिंचाई होगी वहां बिजली भी पैदा हो सकती हैं और बाढ़ के प्रकोपा से भी इन इलाकों को बचाया जा सकता है।

बेरोखगारी को दूर करने के लिए भी इस अभिभाशण में जिक्र आया है। लेकिन मैं सुझाव देता हूं कि कम से कम हर परिवार के एक व्यक्ति को अव य रोजगार दिया जाए। अगर हम

अभिभाशण में लिखित स्कीमों को नेकनियति से चलाएं तो नि चित रूप से जहां बेरोजगारी दूर होगी वहां लोगों को भी अच्छी तरह से अपना कार्य करने का अच्छा मौका मिलेगा।

ि ाक्षा के संबंध में हमारा प्रान्त काफी सम्पन्न प्रान्त है। दे ा में इस लिहाज से इसका दूसरा नम्बर पड़ता है। लेकिन फिर भी हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कम से कम दसवीं तक कि ि ाक्षा नि ाुल्क कर दी जाए ताकि सभी लोग पढ़ सकें और अच्छी तरह से हमारे प्रान्त को आगे बढ़ा सकें। कांग्रेस सरकार ने इसका बहुत हास किया। उसका नमूना यह है कि 40 हजार अध्यापक जेल में बंद किए। आज ि ाक्षा का स्तर यह है कि अगर हम अपने बच्चों को, जो बी0ए0 पास हैं या मैंट्रिक पास है, हिंदी के स्वर और व्यंजनों की संख्या बताने या लिखने के लिए कहे तो वे बता याह लिख नहीं सकते। इतना स्तर ि ाक्षा का नीचे गिरा है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि कम से कम दसवीं तक की ि ाक्षा नि ाुल्क कर दी जाए और अध्यापकों को पूरी सुविधा दी जाए ताकि वे किसी प्रकार की कठिनाई में न रहें और नि चन्त हो कर, निर्भिक होकर, पूरी जिम्मेदारी के साथ बच्चों को पढ़ाएं जिससे हमारे हरियाणा की ि ाक्षा का स्तर ऊंचा हो।

उपाध्यक्ष महोदय, परिवार नियोजन में बहुत ज्यादती की गई है यह सभी जानते है लेकिन इस बात का हवाला देते हुए मैं तो यह कहूंगा कि गुड़गांव में तो बहुत ही जयादा ज्यादती की

गई है। अगर आप वहां जाकर इस बात का पता लगाए तो पता चलेगा कि अमानवता की दृश्टि से तो रावण और कंस के राज को भी मात कर दिया गया है। कितने ही गांवों को सैंट्रल रिजर्व फोर्स के सुपुर्द कर दिया गया था, गांव के गांव उजाड़ दिए गए थे। दस–दस दिन के लिए लोग घर छोड़ कर चले गये थे ताकि वे आपरे ान से बच सकें। इतना ही नहीं बूढ़े व्यक्तियों को भी बख्शा नहीं गया। उटावड़ और सुल्तानपुर में तो बहुत ही जुल्म ढाये गए। वहां तो लोगों की इस तरह नसबंदी की गई जिस तरह से प ाुओं की नसबंदी की जाती है। बहू बेटियों के साथ निर्दयता का व्यवहार किया गया और उनकी इज्जत लूटने में भी कोई कसर बाकी नहीं रखी गई। मैं तो चाहता हूं कि इसकी जांच करने के लिए अलग से कमी ान बिठाया जाए और जो ज्यादती करने वाले व्यक्ति रहे हों, चाहे वे सरकारी कर्मचारी हों या कोई अन्य हों, उन्हें बर्खास्त किया जाए या दंडित किया जाए क्यौंकि सरकार के गलत आदे ाों को मानकर उन्होंने बड़ी ही निर्दयता के साथ अपने ही भाइयों के साथ बड़ा अमानवीय व्यवहार किया है। तो मुझे आ ाा है कि इन दोनों क्षेत्रों में जो घटनाएं हुई है इनकी तरफ हमारी सरकार जरूर ध्यान देगी।

इसके प चात् उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान आयुर्वैदिक चिकित्सा की ओर दिलाना चाहूंगा। बड़ी खु ाी की बात है कि गांव में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरियां खोली जा रही है लकिन आज स्थिति यह है कि इस मद पर बहुत कम खर्च हो रहा

है। मेरी सूचना के अनुसार पिछली सरकार लगभग 67 लाख रूपया आयुर्वेदिक चिकित्सा पर और 7 करोड़ से भी ज्यादा ऐलोपैथिक चिकित्सा पर खर्च कर रही थी। लेकिन मैं चाहूंगा कि इन दोनों चिकित्सा पद्धतयों के लिए बराबर का पैसा दिया जाए क्योंकि आयुर्वेदिक चिकित्सा से गांव के लोगो को ज्यादा फायदा हो रहा है और उनका झुकाव इस तरफ ज्यादा हैं। इसके अलावा आप जानते है कि ऐलोपैथिक डाक्टर भी गांव में जाने से संकोच करते है।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त मेरा निवेदन यह है कि जेल का जो मैनुअल बना हुआ है वह अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ है। इसमें भी सं ाोधन किया जाए। राजनैमिक बंदियों के साथ किस तरह से व्यवहार किया जाता है इसका उदाहरण मैंने आपके सामने रखा। जहां तक दूसरे कैदियों का संबंध है उनके साथ जिस तरह का अमानवीय व्यवहार किया जाता है उसको देखकर तो मानवता कराह उठती हैं ऐसा समझा जाता है जैसे गुलाम प ाुओ के साथ व्यवहार किया जा रहा हो। मैं तो समझता हूं कि जिस आदमी का व्यवहार बदल चुका है, जिसमें कुछ सुधार आ गया हो, ऐसे आदमियों को अध्यापक रखकर ि ाक्षा दी जाए। देखा यह गया है कि 14–14 साल तक लोग सजा काट लेते हैं लेकिन उन्हें छुट्टी नहीं मिलती। ऐसे आदमियों को जिनका चरित्र अच्छा बन गया है उनको रिलीज

किया जाए और उनमें और सुधार लाने के लिए कुछेक तरीके अपनाए जाएं।

इसके अलावा उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि वृद्ध कृशक और मजदूरों की पैं ान का भी इस अभिभाशण में उल्लेख नहीं किया गया है। वृद्ध मनुश्यों के लिए, चाहे वे किसान हों या मजदूर हों, पैं ान की व्यवस्था होनी चाहिए। जब एक सरकारी कर्मचारी के लिए 15–20 साल की नौकरी करने के बाद पैं ान की व्यवस्था की जा सकती है तो एक किसान के लिए जिसने 60–70 साल तक हजारों मन अनाज दे ा को खिलाया हो, क्यों न पें ान की व्यवस्था की जाए। मुझे उम्मीद है कि हमारी लोकप्रिय सरकार इस दि ाा में जरूर विचार करेगी।

फिर उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि हमारे यहां कुछेक स्टाइपैंडरी टीचर्ज है। वे दस–दस साल से काम कर रहे है लेकिन अभी तक परमानैंट नहीं हो पाए हैं। मुझे आ ाा है कि इस तरफ भी हमारी सरकार ध्यान देगी।

हरियाणा के प्राईवेट कालेजिज के संबंध में भी मैं कुछेक भाब्द कहना चाहूंगा। आये दिन उनकी मांग उठती रहती है जो कि जायज है। इन कालेजिज के जो प्रोफैसर है वे वही अध्यापन का कार्य करते है जो गवर्नमैंट कालेजिज के प्रोफैसर करते है। लेकिन इसके बावजूद भी इनके साथ असमानता का व्यवहार किया जा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। मुझे आ ाा

है कि उनकी जो कठिनाई है उसको भी यह सरकार सुनेगी और उसको दूर करने का प्रयास करेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त मैं यह चाहता हूं कि कुछेक ऐसे मजदूर है जो फैक्टरियों में काम किया करते थे लेकिन आपातकाल में उनको सर्विस से निकाल दिया गया था, उनको सर्विस में वापिस लाया जाए जिससे उनमें आत्म–वि वास जागे।

अभी एक साहब गेहूं की नीति के संबंध में बात कर रहे थे। हमारी केंद्रीय सरकार ने ऐलान किया था कि 110 रूपये क्विंटल का भाव होना चाहिए लेकिन उस समय की हरियाणा की कांग्रेसी सरकार ने कितनी ज्यादा ज्यादती की उसका एक उदाहरण मैं आपके सामने रखता हूं। इन्होंने गेहूं की ग्रेडिंग कर दी। 108–109 रूपए के भाव गेहूं खरीदते रहे और यही नहीं 85 रूपये के भाव भी खरीदते रहे। अब जनता सरकार आयी है और कांग्रेस के दिन चले गये। अब तो गेहूं की खरीद हो चुकी है, आने वाले समय में इस विशय में बात करेंगे। मुझे पूर्ण आ ाा है कि उस समय हमारी सरकार की नीति ठीक रहेगी। अब सब से पहले सवाल तो यह उठता है किहमे अपने आपका निरीक्षण भी करना चाहिए, अपने आप के विशय में चिन्तन करना चाहिए। हमें एक दूसरे के पीछे नहीं जाना चाहिए बल्कि हमें स्वयं के विशय में विचार करना चाहिए। हमें अपने आपको अच्छा बनाना चाहिए, अपने आपको एक आद र्ा के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

हरियाणा सदा से ही एक आद र्ा प्रान्त रहा है। हमे ाा आद र्ा प्रस्तुत करता रहा है इसलिए हमें पहले स्वयं का निरीक्षण करना चाहिए ताकि हम सही रास्ते पर चल सकें।

मैं आपके जरिये हाउस के सामने एक बात वि ोश रूप से रखना चाहता हूं । आज सारे हरियाणा में भाराब की नदियां बह रही है। आज के हरियाणा के मुख्य मंत्री जी तो महात्मा गांधी जी के साथ पिकटिंग करते थे। कम से कम हमारी जनता सरकार, ग्रमा देहातों में जो भाराब के ठेके है उनको जल्दी से जल्दी बंद करायेगी। भाराब के कारण गांवों की हालत बिगड़ रही है, इसमें सुधार होना चाहिए। मैं और अधिक समय न लेता हुआ आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

**चौधरी गंगा राम** (गोहाना): आदरणीयण उपाध्यक्ष जी, सब से पहले मैं इस हाउस का ध्यान फलड कंट्रोल के विशय में दिलाना चाहता हूं क्योंकि राज्यपाल के अभिभाशण में फलड कंट्रोल के बारे में कुछ भी नहीं लिखा गया हैं। आज अगर हरियाणा का किसान सब से ज्यादा तकलीफ में है तो वह पानी की तबाही के कारण है। सारी की सारी नदियों में फलड आता है और किसानों के खेतों को बरबाद करता है और खासकर सारे हरियाणा में मेरे इलाके गोहाना में सब से ज्यादा पानी की मार है। मेरी तहसील सब से बैकवर्ड कहलाती है। सब से ज्यादा अफसोस की बात यह रही है कि मेरी तहसील के हमे ाा दो–दो वजीर रहे है और हर वजारत में रहे है। उन्होनें यहां हाउस में

कभी भी फलड के बारे में आवाज नहीं उठायी। मैं माननीय चीफ मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करूंगा कि अभी बारि ा आरम्भ नहीं हुई है अभी से उस ओर ध्यान दिया जाये ताकि किसानों को नुकसान न हो। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि थोड़ी सी बारि ा हुई है और रठाल गांव के अन्दर चारों तरफ पानी ही पानी है। चार बूंद बारि ा पड़ने से चारों तरफ से पानी से डूब गया है। दस साल हो चुके है कि उस गांव में दोनों फसलो में कभी आधी फसल भी पूरी नहीं हुई है। मैं सरकार का ध्यान इस ओर इसलिए भी दिलाना चाहता हूं कि फलड कंट्रोल होने से हरियाणा के किसानों को पानी मिल जायेगा और फसल बरबाद होने से बच जायेगी।

